हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 1 नवंबर 2025

04 कुंडी पंचायत के रोड निर्माण कार्य में बरती जा रही धांधली



08 परिसर में सरदार वल्लभभाई पटेल की...






### बाघ और बाघिन के मिलन के लिए अनुकूल मौसम

## सृजन : एसटीआर के बफर जोन में जागी 'उम्मीद' की खुशी, जल्द गूंजेगी शावकों की किलकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एसटीआर के कोर क्षेत्र में बाघों की काफी अच्छी संख्या से पर्यटन गुलजार है। वहीं बफर जोन में भी बाघों की संख्या में वृद्धि हो रही है। अब बफर जोन फिर 'उम्मीद' से होने वाला है, जहां नन्हे बाघ शावकों की किलकारियां गूंज सकती हैं। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार बफर जोन में इन दिनों बाघ तथा बाघिन का एक जोड़ा लगातार साथ घूम रहा है। पिछले दिनों पर्यटकों ने जोड़े के निजी पलों को काफी करीब से देखा। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया था। बाघ व बाघिन के निजी पलों के इस वीडियो ने बफर जोन में बाघ वंश वृद्धि की उम्मीदों को हरा कर दिया है तथा संभावना व्यक्त की जा रही है कि शीघ्र ही बफर जोन में नन्हें बाघ शावकों की किलकारियां गूंजेंगी। तथा बफर जोन भी कोर क्षेत्र की ही भांति बाघों की अच्छी संख्या से गुलजार होगा। उल्लेखनीय है कि पिछले पांच वर्षों में बफर जोन में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन के बेहतरीन प्रयासों से बाघों को सुरक्षित व अनुकूल प्राकृतिक पर्यावास प्राप्त होने लगा है। जिसके चलते कोर क्षेत्र से कैट फैमिली के वन्यजीव बफर जोन की ओर सुरक्षित शिकार व सुरक्षित परिवार वृद्धि की मंशा के साथ आने लगे हैं।



### बनाए रखें दूरी

बफर जोन के जिस क्षेत्र में बाघ-बाघिन का जोड़ा पिछले कुछ दिनों से देखा जा रहा है, उसे पर्यटन गतिविधियों के लिये सीमित रखा जा रहा है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन चाहता है कि बाघ-बाघिन के जोड़े को फ्री, सिक्योर एंड रिजर्व स्पेस दिया जाए। ताकि जल्द ही बफर जोन में भी बाघ शावकों की किलकारियां गूंजें। पिछले कुछ वर्षों में बफर जोन में भी बाघिनों ने शावक जन्मे हैं। यह सब बफर जोन से पिछले कुछ वर्षों में कई गांवों के विस्थापन के बाद हुआ है।

## पचमढ़ी में जन्नत सा अहसास, सुहाना मौसम और घने कोहरे ने बढ़ाई रौनक



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी का मौसम इन दिनों अपनी चरम सुंदरता पर है। प्रदेश के कोने-कोने से और अन्य राज्यों से पर्यटक 'सतपुड़ा की रानी' कहे जाने वाले इस स्थल की ओर खिंचे चले आ रहे हैं। लगातार बना हुआ घना कोहरा और हल्की ठंडक पचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता में चार चांद लगा रही है।

### बाइकर्स ने बढ़ाया रोमांच

पचमढ़ी आने वाले पर्यटकों में इस बार बाइकर्स की संख्या भी अच्छी खासी देखने को मिली है। कई युवा पर्यटक अपनी दोपहिया वाहनों (बाइक) से दुर्गम पहाड़ी रास्तों का सफर करते हुए पचमढ़ी पहुँचे हैं। बाइक पर आना इन पर्यटकों के लिए केवल यात्रा नहीं, बल्कि एक साहसिक अनुभव रहा है।

### कोहरे की चादर ने किया मंत्रमुग्ध



पचमढ़ी मे कोहरे की घनी चादर बिछी हुई है। स्थानीय लोगों और पर्यटकों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से मौसम बेहद सुहाना बना हुआ है, जिसने शहर की भागदौड़ से दूर प्रकृति प्रेमियों को एक अनोखा सुकून दिया है। पर्यटक इस मनमोहक दृश्य को अपने कैमरे में कैद करने और खुली हवा में टहलने का भरपूर आनंद ले रहे हैं।

### खबर संक्षेप

### 20 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई

**नर्मदापुरम।** लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के द्वारा सांसद स्वेच्छानुदान निधि से नर्मदापुरम एवं पिपरिया के 04 हितग्राहियों को ईलाज /आर्थिक सहायता हेतु 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर वार्ड क्र. 07 खैरी नर्मदापुरम के नरेन्द्र पटेल, सोहजनी पिपरिया के छोटे भैया, सोहजनी पिपरिया के रत्नेश पटेल एवं सोहजनी पिपरिया के राहुल चौधरी को क्रमशः 05-05 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### आज आएंगी राज्यमंत्री कृष्णा गौर नर्मदापुरम

**नर्मदापुरम।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त धुमन्तु और अर्धघुमन्तु कल्याण विभाग कृष्णा गौर 01 नवंबर को जिले के प्रवास पर रहेंगी। जारी कार्यक्रम अनुसार राज्यमंत्री कृष्णा गौर का 01 नवंबर को सुबह 08:30 बजे नर्मदापुरम सर्किट हाउस आगमन होगा तथा 09:00 बजे पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित मध्य देश स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगी। तत्पश्चात सुबह 10:00 बजे नर्मदपुरम से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।



### 12 को रोगी कल्याण समिति बैठक होगी

**नर्मदापुरम।** कल्याण (कार्यकारिणी) समिति जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम की बैठक कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना की अध्यक्षा में 12 नवम्बर मंगलवार को सायं 3:30 बजे से कलेक्टर कार्यलय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### करीब 7 लाख से अधिक श्रृद्धालु आएंगे, तीन दिन चलेगा मेले का आयोजन

## पारंपरिक बांद्राभान मेले का आयोजन तीन से होगा शुरू, तैयारियां हुई पूरी

जिले में पांरपरिक बांद्राभान मेले का आयोजन 3 नवंबर से 6 नवंबर तक रहेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रतिवर्षानुसार जिले में इस वर्ष भी 3 नवम्बर से 6 नवम्बर तक बांद्राभान मेले का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेले में अस्थाई चिकित्सालय / प्रदर्शनी लगाई जायेगी।

वहीं पार्किंग, परमिट आदि की प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण की गई है तथा जिससे मेला अवधि के दौरान होम गार्ड टीम तथा गोताखोर भी मेला स्थल पर उपस्थित होंगे।



### अधिकारियों को दिए गए दायित्व

तत्संबंध में सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत द्वारा बांद्राभान मेले में 3 पालियों में चिकित्सकों एवं अन्य स्टॉफ की मय जीवनरक्षक औषधियों के साथ ड्यूटी लगाई गई है। मेला प्रभारी डॉ सृजन सेंगर, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सामु स्वास्थ्य केन्द्र डोलरिया के मार्गदर्शन में समस्त अधिकारी / कर्मचारी निर्धारित समयानुसार उपस्थित रहकर आम जनता को चिकित्सा सुविधा प्रदान करेंगे। स्थानीय प्रभारी स्वास्थ्य सुपरवाइजर टीम के साथ मेला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त जल स्त्रोत एवं हेंडपम्पों का जल शुद्धिकरण कार्य करेंगे। आपातकालीन स्थिति के लिए 02 एम्बुलेन्स (108) 24 घण्टे मेला स्थल पर उपलब्ध रहेगी।

### बान्द्राभान मेला-2025 : वाहन किराया निर्धारित

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम रिंकू शर्मा ने बताया है कि मध्यप्रदेश शासन परिवहन विभाग द्वारा नगर वाहनों को छोड़कर सामान्य प्रक्रम वाहनों के लिए प्रति यात्री प्रति किलोमीटर के लिए 1.25 प्रति यात्री प्रति किलोमीटर निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार नर्मदापुरम से बांद्राभान के लिए प्रति यात्री 9.50 रूपए, इटारसी से बांद्राभान 32 रूपए, माखननगर से 38.25 रूपए, सिवनीमालवा से 69.50 रूपए, सोहागपुर से 72 रूपए, पिपरिया से 97 रूपए, बुधनी से 20.75 रूपए एवं भोपाल से बांद्राभान का किराया प्रति यात्री 103.50 रूपए निर्धारित है।

### हुआ दुकानों का आवंटन

मेला स्थल पर लगने वाली दुकानों के बिजली कनेक्शन एवं झूलों का सुरक्षा प्रमाणन करवाए जाने के लिए बांद्राभान मेला स्थल पर व्यवस्थित ले आउट डाला गया था। साथ ही दुकान आवंटन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपादित की गई। कलेक्टर ने निर्देश पर मेला पहुंच मार्ग का सुधार कार्य शीघ्र ही पूरा किया करा दिया गया है। साथ जिन स्थानों पर समतलीकरण की आवश्यकता हो वहां मुरम बजरी आदि डाल कर समतलीकरण कराया गया।

## 10 हजार रुपए रिश्वत लेने के दोषी को 4 साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के माखननगर में पूर्व ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) डॉ. शोभा चौकसे को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेने के मामले में गुरुवार को सजा सुनाई गई। प्रथम अपर सत्र न्यायालय जफर इकबाल ने डॉ. चौकसे और उनके सहकर्मी मिलन यादव को दोषी पाते हुए 4-4 साल का कठोर कारावास और जुर्माने से दंडित किया है। डॉ. शोभा चौकसे पर 15,000 रुपए और मिलन यादव पर 20,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। फैसला सुनाए जाने के दौरान दोनों आरोपी अदालत में मौजूद थे, जिन्हें सजा के बाद जेल भेज दिया गया।

सहायक निदेशक, लोक अभियोजन संचालनालय नर्मदापुरम राजकुमार नेमा ने बताया कि जून 2020 में एएनएम शोभा गजानन ने लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि बीएमओ डॉ. चौकसे वेतन निकालने के बदले हर महीने 5,000 रुपए रिश्वत मांगती थीं। रिश्वत नहीं देने पर उनका वेतन काटने या रोकने की धमकी दी जाती थी। आखिर में एएनएम का वेतन रोक दिया गया, जिसके बदले में डॉ. चौकसे ने 10,000 रुपए की मांग की थी।

शिकायत के बाद 6 जून 2020 को लोकायुक्त टीआई वी.के. सिंह के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। जब टीम डॉ. चौकसे के सरकारी आवास पर पहुंची, तो वे वहां नहीं थीं। तय योजना के अनुसार, एएनएम शोभा ने डॉक्टर चौकसे से मोबाइल पर बात की, तब उन्होंने अपने सहकर्मी मिलन यादव को पैसे लेने के लिए भेजा। एएनएम ने जैसे ही तवा पुल पर मिलन यादव को 10,000 रुपए दिए, लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।

गिरफ्तारी के बाद लोकायुक्त टीम ने एएनएम के मोबाइल पर हुई कॉल रिकॉर्डिंग को केस का महत्वपूर्ण सबूत माना। डॉ. चौकसे ने खुद फोन पर मिलन यादव को रुपए लेने के निर्देश दिए थे। इस आधार पर लोकायुक्त ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया। लोकायुक्त द्वारा जांच पूरी कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने डॉ. शोभा चौकसे और मिलन यादव को दोषी मानते हुए लोकायुक्त अधिनियम की धारा 7, 12, 13(1)(डी), 13(2) के तहत सजा सुनाई।

## सांसद दर्शन सिंह के साथ राज्यसभा सांसद नारोलिया ने यात्रा को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज जिले में 'रन फॉर यूनिटी यात्रा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा यदि कहीं है, तो वह भारत में ही है — गुजरात राज्य के केवड़िया में स्थित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी', जो हमारे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की है। यह प्रतिमा हम सभी को अखंड भारत के उस संकल्प की याद दिलाती है जिसे श्री पटेल ने लिया था और अपने अद्वितीय व्यक्तित्व और बहुमुखी प्रतिभा के कारण उसे उन्होंने पूर्ण रूप से साकार भी किया।



सांसद श्री चौधरी ने इस अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने भी सरदार पटेल को नमन करते हुए उनके राष्ट्रनिर्माण में दिए योगदान को स्मरण किया। रन फॉर यूनिटी यात्रा का शुभारंभ सेठानी घाट से हुआ, जिसे सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा एसपी ऑफिस परिसर तक निकाली गई, जहां सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### बाल विवाह रोकथाम अभियान एवं स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन

**नर्मदापुरम।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत निरंतर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं इसी तारतम्य में बाल विवाह रोकथाम हेतु कार्यक्रम का आयोजन वार्ड 20 में किया गया। इटारसी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं लायंस क्लब पंख के सामंजस्य से वार्ड क्रमांक 20 में बाल विवाह रोकथाम अभियान एवं महिलाओं के स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें लाइंस क्लब पंख से लाइंस क्लब अध्यक्ष लायंस पूनम चेलानी, लायन हंगर डीसी ऋतु राजपूत, लायंस बीना तिवारी, लायंस हंगर डीसी बलजीत कौर शोखी, सचिव लायंस विनीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायंस शशि अग्रवाल एवं महिला एवं बाल विकास प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति शुक्ला उपस्थित रही।

## समेरिटंस स्कूल में केडिट्स ने राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया, रैली का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

13 मध्यप्रदेश बटालियन से संबद्ध समेरिटंस स्कूल एनसीसी केडिट्स ने कमान अधिकारी कर्नल एसपी सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय एकता दिवस पर रैली निकाली। देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में निकली गई रैली को संस्था निदेशक डा आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत ने रवाना किया। रैली का नेतृत्व सेकेंड आफिसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव एवं केयर टेकर आफिसर स्नेहा उपाध्याय ने किया।

रैली में केडिट्स हाथो में बैनर एवं देश भक्ति, राष्ट्रीय एकता के नारे लिखी तख्तियां लेकर चलते हुए नारे लगा रहे थे कि 'अनेकता में एकता यही है हमारे राष्ट्र की विशेषता।' इसके पूर्व संस्था निर्देशक ने एनसीसी केडिट्स को राष्ट्रीय एकता और सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन और देश के प्रति उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। सरदार वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि गुजरात की एक घटना के दौरान मिली थी।





दरअसल, साल 1928 में ब्रिटिश हुकूमत ने गुजरात के बारडोली में किसानों पर अनुचित रूप से 30 फीसदी लगान लगा दिया था। । इस रैली में एनसीसी मैनेजर प्रदीप यादव, संगीत प्रभारी डॉ चंदन मंडल ओर शिक्षक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिले भर में दिलाई एकता की शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वि जयंती के अवसर पर एकता अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिले भर में शपथग्रहण समारोह आयोजित किए गए। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय परिसर में कमिश्नर नर्मदापुरम संभाग कृष्ण गोपाल तिवारी की उपस्थिति में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे द्वारा दिलाई गई। इस दौरान संयुक्त आयुक्त जीसी दोहर, अपर कलेक्टर अनिल जैन, संयुक्त कलेक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर, डिप्टी कलेक्टर बृजेन्द्र रावत सहित कलेक्टर कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल द्वारा कमिश्नर कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एकता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई।

### सेठानी घाट पर होंगे आयोजन, सजा मां नर्मदा का तट

## देव उठनी एकदशी आज, शुरू होंगे सभी तरह के मांगलिक कार्यक्रम, अब जिले में 8 माह तक गूंजेगी शहनाई की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

देव प्रबोधिनी एकादशी और मप्र स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर शनिवार को दीपोत्सव मनाएगा। श्री राम पथ गमन न्यास संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन जिला प्रशासन के सहयोग से श्री राम पथ गमन के पवित्र 9 स्थानों पर पवित्र नदियों के घाटों पर 3 लाख 51 हजार 111 दीपों से रोशन होंगे। नर्मदापुरम का प्राचीन सेठानी घाट 51 हजार दीपक को रोशनी से जगमगाएगा।

श्री रामचंद्र, माता सीता, मां नर्मदा, मां मंदाकिनी नदी की दीप आराधना की जाएगी। दीप प्रज्जवलन के साथ ही भक्ति संगीत संध्या का आयोजन भी होगा। भक्ति संगीत संध्या में प्रदेश में ख्याति कलाकार प्रस्तुति देंगे। न्यास द्वारा यह आयोजन श्री राम पथ गमन के चिह्नांकित जिलों में किया जा रहा है। सेठानी घाट पर 51 हजार दीपों से दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित होगा।

इसी क्रम में चित्रकूट के राघव प्रयाग घाट पर, पंचवटी घाट, अमरकंटक के रामघाट, मैहर की आल्हा तलैया, कटनी के कटाये घाट तालाब, पन्ना के धर्म सागर तालाब, उमरिया के प्राचीन सागर मंदिर में आयोजित किया जाएगा।



न्यास के एनपी नामदेव ने बताया कि आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करने वाला यह आयोजन जन-जन तक प्रभु श्री रामचंद्र के आदर्शों को पहुंचाएगा। नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर 51000 दीप आराधना के साथ पंडितों द्वारा मां नर्मदा की महाआरती की जाएगी।

## बोरतलाई के स्कूल में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर इटारसी समेरिटंस विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में बच्चों को सरदार पटेल के जीवन के बारे में जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रचार्य प्रशांत दीक्षित द्वारा बच्चों को सरदार पटेल के प्रशानिक दक्षता और उनके द्वारा 565 रियासतों के भारत में विलय के लिए की गई करवाही की जानकारी दी गई। साथ ही राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के अमूल्य योगदान की जानकारी बच्चों को प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका सोनिया वर्मा और प्रीति झंझोट के निर्देश में कक्षा एक के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों प्रस्तुती दी गई। अंत में राष्ट्रीय एकता को परिलिक्षित करने के लिए विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सामूहिक भोज अयोजित किया गया।

## खबर संक्षेप

### मासूम के दुष्कर्मी को 20 साल कठोर कारावास व दस हजार का जुर्माना

**बैतूल।** न्यायालय ने मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं दस हजार रूपये के जुर्माने से दंडित किया है। अनन्य विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) 2012 बैतूल ने मासूम बालिका के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी वैभव कुम्भारे पिता वासुदेव को दोषी पाते हुए धारा 376(एबी) भादवि (समाविष्ट धारा 376 भादवि, एवं 5(एम)/6, 3/4 पॉक्सो एक्ट) में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं दस हजार के जुर्माने से दण्डित किया गया। प्रकरण में म.प्र. शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमती वंदना शिवहरे द्वारा पैरवी की गई। जानकारी के अनुसार 6 वर्षीय बालिका अपने घर के बाहर खेलने गई थी, जब लगभग आधे घंटे तक बच्ची घर वापस नहीं आयी, तब उसकी मां द्वारा आरोपी के घर से बच्ची के रोने की आवाज सुनकर आरोपी के घर जाकर देखा, जहां से बालिका के रोने की आवाज सुनाई दी। माँ ने बच्ची को घर लाकर पूछा, जिसमें पता चला कि अभियुक्त ने उसके साथ गलत काम किया। पीड़िता की माता ने घटना के संबंध में अपने पति को बताया और थाना कोतवाली में बच्ची को ले जाकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। आवश्यक अनुसंधान पूर्ण कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय बैतूल में प्रस्तुत किया गया। उक्त घटना की पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट से भी हुई। न्यायालय के समक्ष विचारण के दौरान अभियोजन ने अपना मामला युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित किया, जिसे न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध पाकर उपरोक्त दण्ड से दंडित किया गया।

### जिले में टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के शिविर होंगे आयोजित

**बैतूल।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिलेभर में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग, ग्रामीणों को बना रहे निशाना

# दीपावली मेलों में बढ़ रही तीन गोटियां और जुए की प्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/भौंरा

आदिवासी बहुल जिले में दीपावली पर्व केवल एक दिन का नहीं, बल्कि पूरे एक माह तक अलग-अलग गांवों में उत्सव, नृत्य और मेलों के रूप में मनाया जाता है, लेकिन इस पारंपरिक और सांस्कृतिक रौनक के बीच अब एक चिंताजनक पहलू भी सामने आने लगा है। मेलों में बाहरी तत्वों द्वारा तीन गोटिया और जुआ जैसे अवैध खेलों के संचालन में भोले-भाले ग्रामीण इनके जाल में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं। बानाबेहड़ा, फोफलिया, बरजोरपुर, सलीमेट और आसपास के गांवों में लगने वाले दीपावली मेलों में कुछ बाहरी लोगों द्वारा तीन गोटिया वाला डब्बा खेल संचालित किया जा रहा है।

100 पर 200 का लालच देकर ग्रामीणों को दांव लगाने के लिए उकसाया जाता है, पर यह खेल पूरी तरह से ठगी पर आधारित है। बताया गया कि कई स्थानों पर ग्रामीणों ने अपनी मेहनत की कमाई इन खेलों में हार दी। इस खेल में एक डब्बे पर छह अलग-अलग चित्र बनाए जाते हैं और अंदर तीन गोटियां रखी जाती हैं हर गोटी के नीचे अलग निशान या आकृति होती है। संचालक गोटियों को तेजी से हिलाकर किसी एक निशान पर दांव लगाने को कहते हैं।

### हर दिन किसी न किसी गांव में लगता है मेला

दीपावली माह में आदिवासी अंचलों में लगभग हर दिन किसी गांव में गुठान मेला आयोजित होता है। जहां एक ओर ये आयोजन पारंपरिक डंडार नृत्य, गायकी नृत्य और सामूहिकता के प्रतीक हैं, वहीं दूसरी ओर बाहरी जुआरियों की सक्रियता से इनकी सांस्कृतिक गरिमा पर असर पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीण महादेव मास्कोले, दिलीप माधव और अशोक मालवीय ने बताया कि मेलों में बाहरी ठग सक्रिय हो गए हैं, जो भोले-भाले लोगों को झांसे में लेकर ठगी करते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मेलों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और ऐसे लोगों पर तत्काल कार्रवाई हो ताकि मेले अपनी मूल भावना और सादगी के साथ मनाए जा सकें।



### विधायक बोलीं- संस्कृति की गरिमा बचाना हम सभी की जिम्मेदारी

क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने कहा कि आदिवासी अंचल के मेलें हमारी संस्कृति और परंपरा की पहचान हैं। इन्हें स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। बाहरी तत्वों द्वारा मेलों में अवैध गतिविधियां चलाने की शिकायतें गंभीर हैं। मैंने प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि ऐसे आयोजनों में नियमित निगरानी रखी जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। यह पर्व हमारी सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है, इसे जुए और ठगी से मुक्त रखना आवश्यक है। भौंरा पुलिस चौकी प्रभारी नीरज खरे ने कहा कि मेलों में जुआ या तीन गोटिया जैसे अवैध खेल संचालित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम आगामी मेलों पर विशेष निगरानी रखेगी हमारा उद्देश्य है कि दीपावली के मेलों की परंपरा और उत्सव की भावना सुरक्षित रहे।

### परंपरा और भावना सुरक्षित रहे....

मेलों में जुआ या तीन गोटिया जैसे अवैध खेल संचालित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम आगामी मेलों पर विशेष निगरानी रखेगी। हमारा उद्धेश्य है कि दीपावली के मेलों की परंपरा और उत्सव की भावना सुरक्षित रहे।

**नीरज खरे**, चौकी प्रभारी, भौंरा

## 18 वार्डों में 70 से ज्यादा जगहों पर अवैध शराब बिक्री




**बैतूल/आमला।** शहर के वार्डों में लगभग 70 से ज्यादा स्थलों पर अवैध शराब के अड्डे फलफूल रहे हैं। तेजी से पनप रहे अवैध शराब के अड्डों और उसको चलाने वाले लोग मंदिरों के आसपास भी अपना धंधे चला रहे हैं, शहर के कुछ धार्मिक प्रांगण भी अब इस कारोबार से अछूते नहीं रहे हैं। कुल मिलाकर सवाल पूरी कानून व्यवस्था पर है कि आखिर ये अवैध कारोबार इतनी तेजी से क्यों फैल रहे हैं। जानकारी के अनुसार शहर और शहर की सीमा से सटे ज्यादातर ढाबे और होटल केवल शराब बेचने के मकसद से ही चलाए जा रहे हैं। यहां कुछ ढाबे तो बाकायदा ग्राहकों की मांग अनुसार देशी-विदेशी और महुआ की कच्ची शराब भी उपलब्ध करा रहे हैं। शराब का हब बनते जा रहे शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों से ही कच्ची शराब की आपूर्ति की जा रही है। सूत्रों की माने तो कहीं दो पहिया, तो कहीं चौपहिया वाहनों से बड़ी मात्रा शहर में शराब पहुंचाई जाती है और पूरे शहर में अवैध शराब का कारोबार किसी उद्योग की तरह निकल पड़ा है। सूत्र ने बताया है कि शहर में अब शराब का बढ़ता कारोबार एक उद्योग बनता जा रहा है। शहर में इस तरह के अवैध धंधे कई मासूमों की जिंदगी से जरूर खेल रहे है, ऐसे में उड़ता आमला को बचाना पुलिस अधीक्षक के लिए भी एक बड़ी चुनौती होगा।

**इनका कहना है**

हमारे द्वारा इलाके में लगातार अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही की जाती रही है, मैं इसको दिखवाता हूं।

**वीरेंद्र जैन,**
पुलिस अधीक्षक, बैतूल

मशीनों का उपयोग नहीं...

## कुंडी पंचायत के रोड निर्माण कार्य में बरती जा रही धांधली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

कुंडी ग्राम पंचायत में चल रहे 190 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य में धांधली बरती जा रही है। ग्रामीण ने बताया कि कुंडी ग्राम पंचायत के अंतर्गत सामुदायिक भवन से रमेश के घर तक सीसी रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमें गुणवत्ता और मशीनों का उपयोग नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बिना वाइब्रेटर और अन्य मशीनों का उपयोग किए बिना ही सीमेंट का मिश्रण गुणवत्ताहीन बनाकर रोड निर्माण किया जा रहा है, जबकि इस निर्माण कार्य में सीसी रोड की लागत लगभग 6 लाख रुपए है। ग्रामीणों का कहना है कि इस रोड निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ किया जाए। जो रोड लगभग 120 फीट का तैयार कर दिया गया है, उसकी भी पूर्ण रूप से जांच हो। ग्रामीण में बताया कि पूर्व में बारिश होने के कारण रोड निर्माण कार्य का मसाला पूरी तरह पानी में खराब हो चुका था। बारिश थमने के बाद उसे रोड पर सीमेंट का घोल डालकर इतिश्री कर ली जा रही है।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई



**शाहपुर।** सतपुड़ा कुर्मी जागृति संघ घोड़ाडोंगरी शाहपुर द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कुर्मी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया एवं सामाजिक बंधुओं से सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन को आत्मसात करते हुए उनके बताए हुए रास्ते के अनुसार सभी को एक सूत्र में बंद कर रहने की बात कही। बच्चों से आग्रह किया कि वे जीवन में जो भी अवसर आए उसको भुनाएं। समय का ध्यान रखें और समय के अनुसार अपने आप को एकता के सूत्र में बांधकर रखें। कार्यक्रम में अध्यक्ष हरिराम वर्मा, पूर्व अध्यक्ष लीला दास सिनोटिया, कोषाध्यक्ष विनोद चौरे, सचिन मनोहर भगोरिया, सह अध्यक्ष उमाकांत वर्मा, अशोक चौरे, हरिप्रसाद झल्लारे, धर्मेंद्र वर्मा, धर्मेंद्र झल्लारे, घनश्याम बढ़िया, मधु चौरे, श्याम घंनकारे, पिंटू वर्मा, मनोज पटेल, मुकेश वर्मा, नारायण पटेल आदि उपस्थित रहे।

पंडाल प्रिमियर लीग सीजन-2 का शुभारंभ

## रामरख्यानी स्टेडियम में पहले दिन धमाड़े 11, इक्का 11 एवं बीएमडी 11 ने जीते मैच



**सारनी।** रामरख्यानी स्टेडियम सारनी में बाबा मठारदेव क्लब द्वारा प्रतिवर्ष पंडाल प्रिमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया जाता है। इस साल पंडाल प्रिमियर लीग सीजन-2 (पीपीएल-2) का आयोजन किया गया। स्पर्धा का शुभारंभ शुक्रवार को सुबह 8.30 बजे सतपुड़ा थर्मल पॉवर प्लांट के मुख्य अभियंता (उत्पादन) व्हीके कैथवार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस एन सिंह ने बाबा मठारदेव का पूजन कर किया। इस अवसर पर पिच पूजन के साथ मैच का शुभारंभ किया गया। मुख्य अभियंता श्री कैथवार ने बैटिंग एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री सिंह ने बॉलिंग कर स्पर्धा की विधिवत शुरूआत की। पहला मैच बीएमडी-11 एवं धमाड़े-11 के बीच खेला गया। जिसमें धमाड़े 11 ने पहले बल्लबाजी करते हुए 68 रन बनाए। बीएमडी-11 10 ओवरों में 60 रन ही बना पाई। इस तरह धमाड़े-11 ने पहला मुकाबला जीत लिया। मैन ऑफ द मैच हितेन सिंदूर रहे। दूसरा मैच धमाड़े 11 एवं इक्का इलेवन के बीच खेला गया। धमाड़े 11 ने 54 रनों का लक्ष्य रखा। इक्का इलेवन ने इसे 7 ओवरों में ही हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच हर्ष पाल रहे। तीसरा और पहले दिन का आखिरी मैच बीएमडी-11 एवं एक्का-11 के बीच हुआ। इक्का इलेवन की पारी लडख़ड़ा गई। प्रथम पारी में महज 28 रन ही बने। बीएमडी 11 ने उक्त मैच दो ओवरों में ही हासिल कर लिया। समिति राजेश वागद्रे, मिंटू राजपूत व अन्य लोगों ने बताया कि शनिवार व रविवार को भी पीपीएल-2 स्पर्धा में आकर्षक और रोमांचक मुकाबले होंगे।

## अंबेडकर बीएड कॉलेज और श्री राम फार्मेसी कॉलेज जामठी में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस



**बैतूल।** भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय और श्रीराम फार्मेसी कालेज जामठी में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संचालक इंजी. धुरवप्रकाश अग्रवाल की उपस्थिति में यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सरदार पटेल की फोटो पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय एकता की शपथ लेकर उनके सपनो का भारत बनाने का संकल्प दोहराते हुए की गई। एनसीटीई दिल्ली द्वारा आयोजित सर्तकता जागरूकता सप्ताह की थीम.. ₹सर्तकता हमारी साझा जवाबदारी₹ 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाडा 2025 जागरूकता सप्ताह का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर संचालक धुरवप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के प्रतीक सरदार पटेल है, उन्होने पूरे राष्ट्र को एक माला में पिरोया है। वरिष्ठ व्याख्याता सुनिल वर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल पर सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देश को एकजुट करने की रही। डॉ. देशमुख ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को भारत का बिस्मार्क कहा जाता है, वह भारत माता के सच्चे सपूत रहे है, जिन्होने अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। डॉ. गावंडे ने कहा कि सरदार पटेल किसान परिवार में पैदा हुए और अपने समय के सबसे सफल बैरिस्टर रहे। देश की स्वतंत्रता की लडाई में बढ-चढ कर भाग लिया। देश आजाद हुआ, तब 562 रियासतो का विलय कर भारत को एक अखण्ड राष्ट्र के रूप में संगठित किया। यह कार्य विश्व के इतिहास में एक अद्वितीय उपलब्धि है। वहीं श्रीराम फार्मेसी कालेज जामठी में राष्ट्रीय एकता दिवस यानी नेशनल यूनिटी डे के रुप में मनाया गया।

एक भारत, श्रेष्ठ भारत का लिया संकल्प

## सरदार पटेल जयंती पर राष्ट्रीय एकता दौड़




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

भारत के प्रथम गृहमंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ हाई स्कूल ग्राउंड से प्रारंभ की गई, जिसमें स्थानीय विधायक चंद्रशेखर देशमुख, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर, एसडीएम, एसडीओपी सहित प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस एकता दौड़ के माध्यम से विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों और बैंड की धुन पर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई यह दौड़ फव्वारा चौक पर समाप्त हुई, जहाँ प्रतिभागियों ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश को एक सूत्र में बाँधने का कार्य किया। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों और जीवन मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर ने कहा कि एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है, और इसे बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा, आओ, हम सब मिलकर शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना को साकार करें। रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बैनर और तख्तियों के माध्यम से एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को एकता, सद्भाव और राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने का संकल्प दिलाया।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने हरीझंडी दी, सरदार पटेल की जयंती उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेकर मनाई

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर बैतूल जिले में किया गया एकता दौड़ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पूरे देशभर में मनाया जा रहा है। इसी अवसर पर बैतूल जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में एकता दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री (जनजातीय कार्य) दुर्गादास उईके उपस्थित रहे। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री उईके ने सभी उपस्थितजन को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में श्री उईके ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार थे, जिनके अद्वितीय प्रयासों से भारत एक सशक्त और अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश उनके योगदान को नमन कर रहा है। एकता दिवस के ये कार्यक्रम प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति, एकजुटता और संगठन की भावना को और सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सबके संगठित प्रयासों से वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाना है, यही प्रेरणा हमें सरदार पटेल के आदर्शों और आज के इस एकता दिवस से प्राप्त होती है। यह एकता दौड़ पुलिस परेड ग्राउंड से प्रारंभ होकर कारगिल चौक, जिला अस्पताल, कोठीबाजार पेट्रोल पंप, शिवाजी चौक होते हुए पुनः पुलिस ग्राउंड पर संपन्न हुई। दौड़ में बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष बैतूल श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, सुधाकर पवार, आनंद प्रजापति, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फार यूनिट के तहत मैराथन दौड का आयोजन



**शाहपुर।** राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के मौके पर रन फार यूनिट मैराथन दौड का आयोजन पुलिस विभाग शाहपुर के तत्वाधान मे किया गया। दौड़ सुबह 10 बजे से युवाओ, जन प्रतिनिधियों के साथ शुरू हुई, जिसमे बडी संख्या में लोग मौजूद रहे। थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर शाहपुर ने मैराथन दौड का उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह आयोजन सम्पूर्ण देश में लौह पुरूष सरदार भल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयंती के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। मैराथन दौड मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। दौड़ के पश्चात युवाओं को अंकुरित आहार और फल दिए गए। सभी ने एक साथ शपथ ग्रहण की।

### सरदार पटेल को दी गई श्रद्धांजलि



**सारनी।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर आज भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सारनी द्वारा रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। मैराथन का शुभारंभ नया समाज कल्याण केंद्र सारनी से हुआ, जो जय स्तंभ चौक होते हुए शॉपिंग सेंटर स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर संपन्न हुआ। समापन अवसर पर बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो योगदान दिया, वह हर भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है। युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर विधायक डॉ. पंडाग्रे ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं कार्यकर्ताओं को राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए संकल्प दिलाया जिसमें सभी ने देश की सेवा और एकजुटता बनाए रखने का प्रण लिया। मैराथन दौड़ में शहर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और एमपीपीजीसीएल के मुख्य अभियंता व्हीके कैथवार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसएन सिंह, एसडीओपी प्रियंका करचाम, थाना प्रभारी जयपाल इवनाती, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर एकता और समरसता का संदेश दिया।

### केंद्रीय विद्यालय में सरदार पटेल की जयंती मनाई



**सारनी।** राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह केन्द्रीय विद्यालय सारनी में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम का संचालन मनराज मीना द्वारा किया गया। इसके पश्चात छात्रा मोक्षा पाटनकर ने सरदार पटेल के जीवन और उनके योगदान पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। इसके बाद सभी शिक्षकों-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि हमें सरदार पटेल की एकता और अखंडता की भावना को सदैव जीवित रखना चाहिए और देश की एकता को सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

### जगह जगह हुए आयोजन, ली गई एकता और अखंडता की शपथ

# जिले भर में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती और इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि

नर्मदांचल में सरदार पटेल की जयंती एवं पूर्व पीएम इंदिरा की पुण्यतिथि मनाई गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी में राष्ट्रीय एकता दिवस पर शिक्षक किसन उइके द्वारा शपथग्रण कराया गया, राष्ट्रीय एकीकरण के प्रेरणास्रोत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी 3 किलोमीटर की दौड़ खेल शिक्षक संतोष यादव के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। पचमढ़ी के विभिन्न मार्गों से होते हुए दौड़ विद्यालय में समाप्त हुई। दौड़ में विद्यालय के छात्र छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। एकता के लिए दौड़ के सफल आयोजन में प्राचार्य मनीष गुप्ता, सविता साहू, ज्योति यादव, अर्चना मेहरा, इश्तियाक खान, धर्मेंद्र पानसे, तथा विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।



### कांग्रेस ने पटेल-इंदिरा को किया नमन

**नर्मदापुरम।** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्व पटेल का याद किया इसके पूर्व इंदिरा चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शिनी स्व इंदिरा गाँधी की पुण्यतिथि पर सप्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कपिल फौजदार सत्येंद्र फौजदार नगर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी अनोखी राजोरिया अरुण दीक्षित मीना वर्मा लता माधव पुष्पलता जायसवाल फेजान उल हक संतोष तोमर बबलू राठौर गुलाम हैदर सुधाकर गौर प्रताप ठाकुर महेश पाण्डेयसुनील चौहान कमलेश बाथरे दीपक सिसोदिया गुमान मांडले राजेंद्र दोहरे विजय वर्मा कुलदीप राठौर बलबीर चौहान अजय शर्मा विक्की जमनानी शेख पप्पू धीरज बहुत्रा सचिन जैन कपिल यादव प्रकाश यादव लखन यादव सलीम कैलाश यादव जमील खान आनंद थापक विजेंद्र राजपूत विशाल प्रधान तुकाराम यादव संतोष अहिरवार रवि आफराज खान सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### संख्या ज्ञान और बुनियादी साक्षरता मेले का आयोजन हुआ

सान्दिपनि विद्यालय में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान मेले का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत छः मेला स्टाल लगाए गए, जिसमें पंजीयन, शारिरिक विकास, बौद्धिक विकास भाषा विकास, गणित की तैयारी,और बच्चों का कोना नामक समस्त आयामों से प्रत्येक बच्चे को गुजरना पड़ा, गतिविधियों का सामना करना पड़ा।उक्त आयामों का सामना करने से विद्यार्थी की समस्त क्षमताओं का ज्ञान प्राप्त होने की सम्भावना रहती है। इसमें 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया और पालकों में विशेष रूप से 21 माताओं की उपस्थिति रही।इस अवसर पर स्टाफ के शिक्षकों में संजय टिकार राजेश सूर्यवंशी ,शाहीन मंसूरी, अंसार खान, उमा नावड़ा, अंकित पाल, डाइट प्रशिक्षिणार्थी में मसीरा कुरेशी , सादिया कुरेशी और आउटसोर्स कर्मचारी में शुभेन्द्र जगत,दुर्गेश यादव सहयोगी एवं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों और पालकों में मेले के प्रति रोचकता और हर्षोल्लास देखा गया।



### पटेल की 150वीं जयंती पर लिया एकता का संकल्प

**नर्मदापुरम।** जिला पंचायत में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एकता का संकल्प का वाचन जिला पंचायत के सीईओ हिमांशु जैन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने दोहराते हुए एकता का संकल्प लिया और सरदार पटेल को कोटि-कोटि नमन अर्पित की।

### इंदिरा और वल्लभभाई पटेल को कांग्रेस जनों ने दी श्रद्धांजलि, महिला शक्ति का किया सम्मान

**माखन नगर।** विकासखण्ड में शुक्रवार को माखन नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र मुराड़िया के नेतृत्व में शैलेंद्र जोशी के निवास आवास कॉलोनी में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस की रूप में मनाई व राष्ट्रीय एकता एवं संप्रभुता के प्रतिपालक लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई इस कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए व नारी शक्ति सफाई कर्मी रेखा बाई का सम्मान किया गया मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र मुराडिया, कुलदीप मिश्रा, हकीम खान, प्रदीप शर्मा, पं





शैलेन्द्र जोशी गुरुजी, रत्नेश बडगूजर, उमेश तिवारी, राजेंद्र खंडेलवाल, शैलेंद्र गोयल, गिरीश वर्मा, कार्तिक वर्मा, प्रदीप जैन, मुकेश चौहान, राजेश चौहान बुधनी, पार्षद बबलू अंसारी, राजकुमार गुप्ता, मोहन सोनी, अरुण तिवारी, बबलू ठेकेदार, सतीश आचार्य, इरशाद खान, गुड्डू खान, पप्पू भाईजान, याकूब खान, अशफाक खान ओम प्रकाश मीणा, महिला कांग्रेस की पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमति सुनीता जोशी सहित कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माखन नगर के समस्त कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में हुआ राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजन



**माखननगर।** माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय, माखननगर में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना, भारतीय ज्ञान परम्परा और स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन के संयुक्त सहयोग से स्वतंत्र भारत के पहले उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा भाषण , विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान व सरदार पटेल के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म का प्रसारण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय प्राचार्य नीता चौबे ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की एकता व अखंडता को बनाये रखने में सरदार वल्लभ भाई पटेल का योगदान अविस्मरणीय रहा है। उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात 565 रियासतों के एकीकृत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज के कार्यक्रम की मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी विभाग से डॉ सुमन अवस्थी ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला और उनसे जुड़ी रोचक घटनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में एनएसएस जिला संगठक प्रो.दिग्विजयसिंह खत्री, एनसीसी प्रभारी कैप्टन डॉ आई. एस. कनेश,स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रभारी डॉ क्षमा मेहरा, ग्रँथपाल अजय मेहरा, डॉ संगीता मिश्रा, डॉ आकांक्षा यादव, सुषमा यादव आदि मौजूद रहे।

### एकता दिवस पर हुआ शपथ समारोह का आयोजन, निकाली रैली



**पिपरिया।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के नव चेतना विद्यालय से लेकर मंगलवार थाने चौराहे तक लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई गई। रैली निकाली गई जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष युवक शामिल हुए। सांसद कार्यालय में पूर्व की भांति सिर्फ पुष्प वर्षा की गई थी। इस दौरान पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल नारायण गंगेले सहित अन्य सभी शामिल हुए। जिसमें सुबह 7बजे से सभी सरकारी स्कूलोंमें में बच्चों को साथ लेकर शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं प्राचार्य एवं पुलिस प्रशासन जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों ने दौड़ लगाई गई। तथा उसके बाद नव चेतना विद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित की गई थी। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के द्वारा ही कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी सविताराज पार्षद मुकेश खटीक चंद्रेश पटेल नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांतरघुवंशी राजा भैया पटेल सुजीत रघुवंशी पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंदराय पवन वालिया सभी को स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। तथा एकता और अखंडता संप्रभुता की शपथ दिलाई गई।

## श्वेता लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय वॉलीबॉल स्पर्धा के लिए चयनित

### मप्र राज्य टीम से खेलेंगी नगर की गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सेंट पैट्रिक्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोहागपुर की कक्षा 12 वीं की छात्रा श्वेता रघुवंशी ने एक बार फिर नगर का नाम रोशन किया है। श्वेता का चयन 69 वीं राष्ट्रीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है तथा वे दूसरी बार प्रदेश की टीम में खेलेंगीं।



स्कूल प्राचार्य फादर दिलीप मिंज से प्राप्त जानकारी अनुसार श्वेता के चयन का लगातार यह दूसरा वर्ष है। श्वेता ने गत वर्ष 68 वीं राष्ट्रीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश राज्य की टीम में स्थान प्राप्त कर सोहागपुर का गौरव बढ़ाया था। इस प्रकार श्वेता लगातार दूसरे वर्ष में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। जानकारी अनुसार राष्ट्रीय स्तर की शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 13 से 17 नवम्बर तक गाडरवारा जिला नरसिंहपुर में होगी।

#### अन्य छात्र भी चयनित

सेंट पैट्रिक स्कूल सोहागपुर के अन्य छात्र-छात्राओं ने भी राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। 19 वर्ष बालिका वर्ग में श्वेता रघुवंशी, उर्वशी तिवारी एवं स्तुति परते तथा 14 वर्ष बालक वर्ग में अंश साहू का चयन राज्य स्तरीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ। वहीं हॉकी में आराध्य सरोज ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जगह बनाई है। सभी छात्र-छात्राओं के चयन पर स्कूल प्राचार्य फादर दिलीप मिंज, मैनेजर फादर अब्राहिम माइकल, शुभम जैन, ब्लॉक खेल अधिकारी हेमराज सिंह नागा सहित कोच आशु राय, अश्वनी सरोज, साकिर हुसैन, इमरान हुसैन, सनावर खान जयंत रघुवंशी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी है।

### अभिषेक ने जीता वेट लिफ्टिंग में रजत पदक

**सोहागपुर।** स्थानीय संदीपनि विद्यालय की कक्षा 12 वीं के छात्र अभिषेक पटेल ने राज्य स्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया है। विद्यालय प्रभारी प्राचार्य रामकिशोर दुबे ने बताया कि 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में संदीपनि विद्यालय एसजेएल सोहागपुर के छात्र अभिषेक पटेल ने प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर संस्था एवं क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। अभिषेक की इस उपलब्धि में खेल शिक्षक शिवम दुबे का योगदान रहा एवं समस्त शाला परिवार ने विद्यार्थी की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।



## कांग्रेसियों ने किया सरदार पटेल व इंदिरा गांधी को याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शुक्रवार को नगर स्थित कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि एवं देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर दोनों विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। जिसके बाद उनके सुकृत्यों पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। इस दौरान प्रकाश मालवीय, प्रशांत जायसवाल, इरफान खान, नीरज चौधरी, देवांशू शर्मा, देवी सिंह पटेल, प्रतीक तिवारी, कैलाश रघुवंशी मामा, भास्कर माझी, कार्तिक शर्मा, ऋषभ दीक्षित, सचिन श्रोती आदि उपस्थित रहे। सभी ने पुण्य तिथि एवं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पुलिस स्टेशन में मेडिकल कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में 30 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचमढ़ी एवं पुलिस स्टेशन पचमढ़ी में लोगों की स्क्रीनिंग एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता हेतु मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप डॉ. विकास टैगोर (मेडिकल ऑफिसर, पचमढ़ी) के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. अंकित गौर (नोडल अधिकारी, मन कक्ष), नाजिया सिद्दिकी (क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट) तथा निधि पटवा (नर्सिंग ऑफिसर) सहित मेडिकल टीम जिला अस्पताल नर्मदापुरम से विशेष रूप से पचमढ़ी पहुँची।



कैंप में कुल 35 से अधिक व्यक्तियों की मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 16 मरीज मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए पॉजिटिव पाए गए।

सभी पॉजिटिव मरीजों की काउंसलिंग की गई, और उन्हें आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। विशेष रूप से, पुलिस स्टेशन पचमढ़ी में उपस्थित समस्त पुलिस स्टाफ की भी मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की गई, ताकि कार्य के तनाव और मानसिक दबाव से जुड़ी समस्याओं की समय रहते पहचान की जा सके। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी अनूप कुमार उइके और डॉ. विकास टैगोर को गेटकीपर (मित्रम) के रूप में नामित किया गया, ताकि आत्महत्या रोकथाम संबंधी पहल को और सशक्त बनाया जा सके।

## भाजपा नगर मंडल ने राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

भाजपा नगर मंडल सिवनी मालवा के तत्वावधान में कुर्मी समाज धर्मशाला में भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा किराष्ट्रीय एकता दिवस भारत की एकता, अखंडता और शक्ति का प्रतीक है। भारत की एकता के प्रहरी, अखंड राष्ट्र के शिल्पकार एवं महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर हम कोटि-कोटि नमन करते हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन, जिला मंत्री जितेन्द्र चौहान, पूर्व जिला महामंत्री रघुवीर राजपूत, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेन्द्र गौर, पार्षद किरण राठौर, नगर उपाध्यक्ष कृष्णा व्यास आदि मौजूद रहे।

## पिपरिया में यातायात सुरक्षा अभियानः पुलिस व कंपनी ने बांटे हेलमेट, सुरक्षा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और दो पहिया वाहन चालकों को सुरक्षा के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से पिपरिया में पुलिस बल और राघवेंद्र सिंह कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण यातायात सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत, नियमों का पालन करने वाले दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए। यह कार्यक्रम पिपरिया के मुख्य मार्गों पर आयोजित किया गया, जहाँ पुलिस के अधिकारियों और कंपनी के प्रतिनिधियों ने बिना हेलमेट गाड़ी चला रहे लोगों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में समझाया। इसके उपरांत, सुरक्षा




नियमों का पालन कर रहे और हेलमेट लगाए हुए कई वाहन चालकों को पुलिस बल और राघवेंद्र सिंह कंपनी की ओर से नए हेलमेट भेंट किए गए।

इसका मूल उद्देश्य दुर्घटनाओं में कमी लाना और हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर जोर देना। मुख्य चौराहों और मार्गों पर वाहन चालकों को रोककर जागरूकता फैलाना। नियमों का पालन करने वाले और जरूरतमंद दुपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर, थाना प्रभारी पिपरिया ने कहा कि जान की सुरक्षा सर्वोपरि है और हेलमेट पहनना केवल एक नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षक कवच है। उन्होंने बताया कि इस तरह के अभियानों से लोगों में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत होती है।

### विकास, शिक्षा आदि की मांग

## सरपंच की मंत्री से हुई गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

गुरुवार शाम 6 बजे सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झकलाय के सरपंच भानूप्रताप रघुवंशी ने मध्यप्रदेश सरकार के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह जी से सौजन्य मुलाकात की।

इस भेंट के दौरान ग्राम में शिक्षा, आधारभूत संरचना और जनसुविधाओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सरपंच भानूप्रताप रघुवंशी ने मंत्री जी के समक्ष निम्न प्रमुख मुद्दे रखे जिनमें, ग्राम के एक सम्मानित परिवार ने अपने पूर्वजों की स्मृति में एक शासकीय विद्यालय हेतु भूमि दान की थी। उस समय यह निर्णय



लिया गया था कि विद्यालय का नाम उस परिवार के पूर्वजों के नाम पर रखा जाएगा, किंतु आज तक यह नामकरण नहीं हो सका है।

सरपंच ने मंत्री से इस मामले में शीघ्र निर्णय लेकर विद्यालय का नामकरण कराने का अनुरोध किया। ग्राम झकलाय और आसपास के क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों में आवश्यक संसाधनों की कमी की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। सरपंच ने विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए सरकारी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने की मांग की।

## पुलिस व प्रशासन ने किया 'रन फॉर यूनिटी मैराथन' आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में थाना सोहागपुर क्षेत्र में पुलिस व प्रशासन द्वारा 'रन फॉर यूनिटी मैराथन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरदार पटेल के चित्र पर फूल माला अर्पण के पश्चात पुलिस सहित राजस्व व सोहागपुर नप के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मैराथन दौड़ में सहभागिता की। सबसे पहले थाने में संयुक्त रूप से एकता की शपथ ली गई। जिसके बाद थाना सोहागपुर से मैराथन के रूप में दौड़ लगाते हुए अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी बीएसएनल एक्सचेंज कार्यालय तक पहुंचे। वहां से वापस आकर थाना आकर छात्र-छात्राओं के लिये रस्साकशी खेल हुआ। इस दौरान एसडीएम प्रियंका भल्लावी, एसडीओपी संजू चौहान, नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े, सोहागपुर टीआई ऊषा मरावी, चौकी प्रभारी सेमरी आकाशदीप, चौकी प्रभारी शोभापुर सुरेश चौहान शामिल रहे।

### अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद की बैठक संपन्न

**सोहागपुर।** रघुवंशी समाज की अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद की बैठक गत दिवस सोहागपुर में हुई। बैठक में ब्लॉक सोहागपुर की युवा इकाई की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। बैठक में सर्व सहमति उपरांत दीपक रघुवंशी नयागांव को युवा ब्लॉक अध्यक्ष सोहागपुर नियुक्त किया गया है। वहीं प्रांकित रघुवंशी कलमेशरा को युवा जिला उपाध्यक्ष तथा दीपक रघुवंशी डूंडाखापा को युवा जिला संगठन मंत्री पदों के लिये हेतु चयनित किया गया है। उक्त बैठक में प्रदेश महामंत्री चौधरी गजेंद्र सिंह रघुवंशी सोहागपुर, वरिष्ठ कार्यकारिणी प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार रघुवंशी सोहागपुर, वरिष्ठ प्रदेश संगठन मंत्री राघवेन्द्र सिंह रघुवंशी, युवा प्रदेश संगठन मंत्री जितेन्द्र रघुवंशी, युवा कार्यकारिणी नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष प्रदीप रघुवंशी, नीरज चौधरी सोहागपुर, रेवक सिंह रघुवंशी गुंदरई, मुकेश रघुवंशी गुंदरई, रामस्वरूप रघुवंशी नवलगांव, अर्जुन सिंह रघुवंशी आदि शामिल रहे।

## महाविद्यालय में हुआ में विशेष व्याख्यान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. रघुवंशी के कुशल मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय कुसुम महाविद्यालय, सिवनी मालवा (जिला नर्मदापुरम) में साइबर सुरक्षा विषय पर एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा, ऑनलाइन व्यवहार में सावधानी एवं साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आर. के. रघुवंशी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मंगल उद्बोधन के साथ किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान समय में जब जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में डिजिटल तकनीक का प्रयोग बढ़ा है, तब साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रत्येक विद्यार्थी के लिए आवश्यक है।

## कुर्मी समाज ने शहर में निकाली ऐतिहासिक रैली, जगह जगह हुआ स्वागत

# परिसर में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नगर में शुक्रवार सुबह सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती हर्षउल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज ने शहर में रैली निकाली और परिसर में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया। सबसे बड़ा आकर्षण वाहन रैली रही, जो शहर के मुख्य मार्गों से निकली। जिले के विभिन्न गांवों से आए हजारों लोग इसमें शामिल हुए। रैली का समापन बुन्देलखंडीय कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास में हुआ। छात्रावास परिसर में कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज के प्रदेश और जिले के पदाधिकारियों ने सरदार पटेल की प्रतिमा का उद्घाटन किया और उन्हें पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला प्रभारी और प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश गौर तथा युवा इकाई संघठन के प्रदेश अध्यक्ष तेजकुमार गौर भी शामिल हुए। समाज के सचिव राजनारायण गौर ने कहा कि सभी ने सरदार पटेल के रास्ते पर चलने और समाज में एकजुटता बनाए रखने का वचन लिया। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को मिलाकर भारत को एक किया था। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सरदार पटेल से प्रेरणा लें और देश की एकता व विकास में अपना योगदान दें। कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज के अध्यक्ष प्रेमनारायण गौर ने कहा कि किसी देश की ताकत उसकी एकता होती है और सरदार पटेल ने ही भारत को एक सूत्र में बांधा। इसीलिए उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी मतभेद छोड़कर एकता और भाईचारा बनाए रखना जरूरी है।

### प्रदेश इकाई से आए अतिथि

कुर्मी समाज के युवा इकाई के प्रदेशाध्यक्ष तेजकुमार गौर और समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा जिला प्रभारी राजेश गौर मिसरोद मुख्यातिथि के रूप में आयोजन में शामिल हुए। अतिथि वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकता सबसे बड़ी पूँजी है। सरदार वल्लभभाई पटेल भी एकता का संदेश देते थे और सम्पूर्ण देश को एक रखने में उनकी भूमिका रही। रैली शुरू होने से पहले जिले के पदाधिकारियों और वरिष्ठजनों को मंच पर बैठाकर उनका स्वागत किया है। इस दौरान संचालन की जिम्मेदारी नितिन गौर ने निभाई।

### अनुशासन का दिया परिचय

*शहर में कुर्मी समाज की रैली एतिहासिक रही। जगह जगह रैली का स्वागत हुआ। सफ़ेद वस्त्रों और सर पर साफा बंधे निकली रैली में अनुशासन की जहलक देखने को मिली। वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण कहीं कहीं यातायात प्रभावित हुआ लेकिन रैली में शामिल लोगों ने अनुशासन बनाये रखा।*



## लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान मे रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ को पुलिस अधीक्षक शशांक ने घंटाघर चौक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़यिा, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी सहित सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों ने मैराथन दौड़ में भाग लिया। मैराथन दौड़ घंटाघर चौक से प्रारंभ होकर चांडक चौराहा, नारायण टाकीज, तिवारी कोचिंग, अस्पताल तिराहा, प्रताप टाकीज से होती हुई उत्कृष्ट विद्यालय हरदा पर संपन्न हो गई।

### अधिकारी कर्मचारियों ने ली शपथ

मैराथन के समापन अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय में पुलिस अधीक्षक शशांक ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों, खिलाड़ियों व जनप्रतिनिधियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री पटेल ने कहा कि आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज के दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि आज दस दिवसीय पुलिस झंडा दिवस का समापन भी है।

## तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दिलाई शपथ



**हरदा।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू मुक्त युवा अभियान के लिए शुक्रवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र छात्राओं को जिला नोडल अधिकारी डॉ. पीयूष दोगने ने तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य संतोष यादव के साथ सभी शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आज स्थापना दिवस पर होगा समारोह

**हरदा।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज 1 नवंबर शनिवार को प्रातः 11 बजे शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कार्यक्रम के आयोजन की व्यवस्था के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों दायित्व सौंपे है। कार्यक्रम के आयोजन के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा अशोक डेहरिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### केंद्रीय राज्य मंत्री उईके का भ्रमण कार्यक्रम

**हरदा।** भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके 2 से 5 नवम्बर तक संसदीय क्षेत्र बैतूल के भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मंत्री श्री उइके 2 नवम्बर को बैतूल आयेंगे तथा संसदीय क्षेत्र के बैतूल, हरदा व खण्डवा जिले में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### कलेक्टर ने मंडी परिसर का किया निरीक्षण

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को कृषि उपज मण्डी हरदा पहुँचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने भावान्तर योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी के के कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होने खरीदी के दौरान लिये गये सैम्पल के रखरखाव की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लिये गये सैम्पल व्यवस्थित तरीके से रखे जाएं ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें दिखाया जा सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अशोक डेहरिया, सहायक संचालक उद्यानिकी, मण्डी सचिव हरनारायण भिलाला उपस्थित थे।

### बैठक 3 को

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार 3 नवंबर को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई है।

# सेवानिवृत शिक्षक को दी विदाई, उपहार स्वरूप तस्वीर व शाल श्रीफल भेंट किया

## शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहटगांव विदाई समारोह टी आर अहिरवार उच्च श्रेणी शिक्षक के पद से सेवानिवृत हुए।

इस दौरान विद्यालय से विदाई समारोह में समस्त स्टाफ मौजूद रहे। शाला परिवार ने उनको उपहार स्वरूप एक तस्वीर भेंट की एवं शाल श्रीफल देकर दी विदाई। उनके द्वारा बालक एवं माध्यमिक शाला में पानी की टंकी स्टैंड सहित, एवं दो तस्वीर सरस्वती मां की भेंट की गई। एवं शिक्षकों को अपने अनुभव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिस दौरान प्राचार्य मनोज मिंज, सिद्धार्थ जोशी, शिक्षक संतोष गौर, ध्रुव गौर, गणेश राजगीर, प्रदीप शर्मा, संतोष वर्मा, श्रवण जोशी, गजानंद गौर, अखिलेश मालवीय, सुरेंद्र ककोड़िया, बड़ी संख्या में स्टाफ मौजूद रहा।

## चित्रों पर पुष्पमाला चढ़ाकर याद किया गया

# कांग्रेस ने महापुरुषों को यादकर जयंती, पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया




ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्ल्भ भाई पटेल की जयंती उनके चित्रों पर पुष्पमाला चढ़ाकर उन्हें याद किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता बद्री पटेल ने कहा की ऐसे महामानवों के कारण ही हम जिन्दा हैं आजाद है। एक लौह पुरुष थे, तो एक आयरन लेडी थीं। दोनों में समानता इस बात की थी कि दोनों ने अखंड भारत के निर्माण में अपना महती योगदान दिया। सरदार वल्लभ भाई पटेल महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महात्मा गांधी के परम प्रिय सलाहकार थे। महात्मा गांधी के हर आंदोलन के आयोजक वही थे। छोटी-बड़ी रियासतों को एक कर भारत भूभाग में सम्मिलित कराने का श्रेय सरदार पटेल को ही जाता है। बारडोली सत्याग्रह के बलबूते किसानों को उनका हक दिलवाया। अपने निर्णय पर अडिग रहने वाले सरदार पटेल को हृदय की गहराइयों से नमन। उनकी जयंती पर हम उन्हें स्मरण करते हुए भारत की एकता और अखंडता कायम करते रहने का संकल्प दोहराते हैं।इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सोलंकी ने कहा अपने फैसले पर अडिग रहने वाली दुश्मन देश को मुंहतोड़ जवाब देने वाली भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश की एकता के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिया। बोडोलैंड और खालिस्तान की मांग करने वालों से डटकर मुकाबला किया पर झुकी नहीं। 1971 में भारतीय सेना को लाहौर और कराची में घुसा दिया। पाकिस्तान के दो टुकड़े कर डाले और अलग बंग्लादेश का निर्माण कराया। देश में बैंकिंग प्रणाली, नहर परियोजना और हरित क्रांति की मजबूती प्रदान कर उसे मूर्त रूप दिया। ऐसी महान शख्सियत इंदिरा गांधी के बलिदान दिवस पर हम उन्हें हृदय की गहराइयों से स्मरण करते हैं। जिला प्रवक्ता अनुरूप बायवार ने कहा कि आज बड़ा ही संयोग का दिन है की कांग्रेस के महापुरुषों को याद करने का दिन है आज दो लोहे के समान हृदय और फौलादी आत्माओं का स्मृति दिवस है हम सौभग्यशाली है की हमारी पार्टी मे ऐसी महान विभूतियाँ रही है हम उनकी पुण्यतिथि और जयंती पर उन्हें नमन करते है । इस दौरान शहर अध्यक्ष आशुतोष कोठारी राकेश पाराशर असलम पठान गोविन्द राजपूत मंजीत बघेल भूपेंद्र राजपूत रमेश बाबूजी देवेंद्र राजपूत कमलेश राजपूत जितेंद्र राजपूत बंटी वर्मा सुनील राजपूत नरेन्द्र आठनेरे हार्दिक जायसवाल कपिल सोलंकी उपस्थित थे।

## नाव से रेत लाकर घाटों पर ढेर लगाकर रात में सप्लाई की जाती

# तेज रफ्तार से दौड़ा रहे अवैध रेत के ट्रैक्टर ट्राली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नर्मदा नदी के अंदर पानी से रेत निकालने का कारोबार बंद होता नजर नही आ रहा है। मजदूरो दारा किश्ती के माध्यम से पानी के अंदर से रेत निकाल कर घाट पर ढेर लगाया जा रहा है। इसके बाद अवैध रेत को ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से ढोने का काम चल रहा है। ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से रेत हरदा में बिना रायल्टी के बिक रही है। दिन में नाव की मदद से पानी के अंदर से रेत लाकर घाटों पर रेत का ढेर लगाने के बाद रात में यह रेत सप्लाई की जाती है। लोगों का कहना है कि इस कारोबार में स्थानीय प्रशसन की मिलीभगत लगती है। बिना प्रशासन की मदद के कोई भी लोग लगातार काम नहीं कर सकते। रेत की ट्रालियां सड़कों पर रात में देखि जा सकती है और एक गिरोह इनको संचालित करता है। जानकारी के अनुसार लछोरा-शमशाबाद-छिपानेर के घाट पर रेत के ढेर लगे हुए हैं। नदी के किनारे स्थित घाटों पर अवैध रेत का कारोबार चल रहा हैं। नदी के अंदर पानी में से नाव के माध्यम से रेत निकालने वाली कई नावें दिखाई दे सकती हैं।

### भरा रहे अवैध रेत के ट्रैक्टर ट्राली

टिमरनी ब्लाक के छिपानेर लछोरा शमशाबाद घाट पर भी मजदूरों द्वारा के माध्यम से बीच नर्मदा नदी में जाकर पानी के अंदर से अवैध रेत निकाली जा रही है। गामीणों ने बताया कि बताया कि घाट पर भी अवैध रेत का कारोबार जमकर चल रहा है।

### मनमाने दाम पर बेच रहे

चोरी की रेत भी मनमाने दाम पर बेची जा रही है। इससे रेत माफिया बड़ा मुनाफा कमा रहे हैं। जनता और शासन को हो रहे नुकसान की चिंता खनिज विभाग को नहीं है। यही कारण है कि विभाग माफियाओं पर कार्रवाई करने से बच रहा है। विभाग सीधे तौर पर रेत माफियाओं को लाभ पहुंचाता दिख रहा है।





### इनका कहना है

जिले में रेत का अवैध काम नहीं हो रहा है। छीपानेर में रेत खदान बंद हैं। जो ट्राली आ रही हैं वह सीहोर जिले वाली छीपानेर से रायल्टी वाली आ रही है।

**मनीषा तावडे,** प्रभारी अधिकारी खनिज

इसके लिए राजस्व और खनिज की टीम जांच करेंगी। तहसीलदार भी विशेष रूप से ऐसे मामले देखेंगे।

**संजीव नागू,** एसडीएम टिमरनी

## स्ट्रोक की रोकथाम, शीघ्र पहचान और तंत्रिका पुनर्वास पर जागरुक किया



**सीहोर।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में विश्व स्ट्रोक दिवस 2025 पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसका उद्देश्य स्ट्रोक की रोकथाम, समय पर पहचान और तंत्रिका-पुनर्वास को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में भोपाल के शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय के वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अनंत सिंह गौर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बताया कि स्ट्रोक के बाद समय पर इलाज और नियमित फिजियोथेरेपी से मरीज की जीवन-गुणवत्ता में सुधार होता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. अखिलेश कुमार शुक्ला ने की। उन्होंने बताया कि संस्थान तंत्रिका पुनर्वास और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार काम कर रहा है। कार्यक्रम में संकाय, छात्र और कर्मचारियों सहित करीब 120 प्रतिभागी शामिल हुए। संचालन कार्यक्रम समन्वयक अनामिका शर्मा ने किया। जागरूकता प्रभारी डॉ. नित्यानंद ने मार्गदर्शन दिया। समापन सत्र में संवादात्मक प्रश्नोत्तर हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम ने समाज में स्वस्थ और पुनर्वास-उन्मुख जीवनशैली को बढ़ावा देने के संस्थान के संकल्प को मजबूत किया।